TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

**24 अक्टूबर 2025**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

# अपने दीपक स्वयं बनो ।

गौतम बुद्ध



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

मधु प्रिया

# विश्व विकास सूचना दिवस 24 अक्टूबर




प्रत्येक वर्ष 24 अक्टूबर को हम विश्व विकास सूचना दिवस (डब्ल्यूडीआईडी) मनाते हैं। इस दिन की स्थापना का उद्देश्य विकास समस्याओं और उन्हें हल करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने की आवश्यकताओं की ओर जनता का ध्यान आकर्षित करना था। इस दिन का उद्देश्य विशेष रूप से युवा लोगों के बीच सूचना के प्रसार में सुधार करना और जनमत को संगठित करना है। जिससे विकास की समस्याओं के बारे में अधिक जागरूकता आएगी,जिससे विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के क्षेत्र में प्रयासों को बढ़ावा मिलेगा। विश्व विकास सूचना दिवस 2021 का विषय 'सतत विकास लक्ष्य के लिए कार्रवाई 'था। 2020 की थीम 'सूचना और संचार प्रौद्योगिकी-विकास चुनौतियों के नए समाधान' थी।17 मई, 1972 को व्यापार और विकास समस्याओं के संबंध में सूचना प्रसार और जनमत जुटाने के लिए व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन द्वारा प्रस्तावित उपायों को संकल्प 3038 (XXVII) के रूप में जाना जाने लगा। 24 अक्टूबर को विश्व विकास सूचना दिवस मनाने के लिए यह प्रस्ताव 1972 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा पारित किया गया था। यह दिन 1970 में दूसरे संयुक्त राष्ट्र विकास दशक के लिए ' अंतर्राष्ट्रीय विकास रणनीति' को अपनाने की तारीख के साथ भी मेल खाता है।परिवार की उपयोगिता को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस दिन को विश्व स्तर पर मनाने का फैसला लिया था। वर्ष 2023 की थीम “परिवार और जनसांख्यिकी परिवर्तन”, जिसका उद्देश्य जनसंख्या में होने वाले महत्वपूर्ण बदलाव और परिवारों पर उनके प्रभाव को लेकर ध्यान केंद्रित करना है।

# जयंती विशेष 24 अक्टूबर




**कैप्टन लक्ष्मी सहगल** *Lakshmi Sahgal*, जन्म: 24 अक्टूबर, 1914, मद्रास (अब चेन्नई); मृत्यु: 23 जुलाई, 2012 कानपुर) महान् स्वतंत्रता सेनानी और आज़ाद हिन्द फ़ौज की अधिकारी थीं। वे आज़ाद हिन्द सरकार में महिला मामलों की मंत्री रहीं। सुभाष चंद्र बोस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सेना में रहते हुए लक्ष्मी सहगल ने कई सराहनीय काम किये।

# MATH TLM

67 Class-6to8

## लाभ और हानि (profit and loss)

### महत्वपूर्ण सूत्र

$$\text{क्रय मूल्य} = \frac{\text{विक्रय मूल्य} \times 100}{100 + \text{लाभ}}$$

जैसे - वि.मू.-2400 रु, लाभ -20%
, क्रय मूल्य -?

हलः- वि.मू. - $\frac{2400 \times 100}{100+20}$

$= \frac{2400 \times 100}{120} = 2000$रु

Anu Priya, Science Teacher

# TOB खेल कॉर्नर



## भारत के लिए वनडे में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज़ (Top 20)

| क्रम | खिलाड़ी | मैच | नॉट आउट | रन | उच्चतम स्कोर | गेंदें | स्ट्राइक रेट | शतक | अर्धशतक | डक | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सचिन तेंदुलकर | 463 | 41 | 18426 | 200* | 21368 | 86.23 | 49 | 96 | 20 | 2016 | 195 |
| 2 | विराट कोहली | 302 | 45 | 14181 | 183 | 15192 | 93.34 | 51 | 74 | 16 | 1325 | 152 |
| 3 | सौरव गांगुली | 308 | 23 | 11221 | 183 | 15235 | 73.65 | 22 | 71 | 16 | 1104 | 189 |
| 4 | रोहित शर्मा | 273 | 36 | 11168 | 264 | 12034 | 92.80 | 32 | 58 | 16 | 1045 | 344 |
| 5 | राहुल द्रविड़ | 340 | 39 | 10768 | 153 | 15127 | 71.18 | 12 | 82 | 13 | 942 | 42 |
| 6 | महेंद्र सिंह धोनी | 347 | 83 | 10599 | 183* | 12164 | 87.13 | 9 | 73 | 10 | 809 | 222 |
| 7 | मोह. अज़हरुद्दीन | 334 | 54 | 9378 | 153* | 12669 | 74.02 | 7 | 58 | 9 | 622+ | 77+ |
| 8 | युवराज सिंह | 301 | 39 | 8609 | 150 | 9846 | 87.43 | 14 | 52 | 18 | 896 | 153 |
| 9 | वीरेंद्र सहवाग | 241 | 9 | 7995 | 219 | 7655 | 104.44 | 15 | 37 | 14 | 1092 | 131 |
| 10 | शिखर धवन | 167 | 10 | 6793 | 143 | 7436 | 91.35 | 17 | 39 | 5 | 842 | 79 |
| 11 | सुरेश रैना | 226 | 35 | 5615 | 116* | 6005 | 93.50 | 5 | 36 | 14 | 476 | 120 |
| 12 | अजय जडेजा | 196 | 36 | 5359 | 119 | 7678 | 69.79 | 6 | 30 | 10 | 366 | 85 |
| 13 | गौतम गंभीर | 147 | 11 | 5238 | 150* | 6144 | 85.25 | 11 | 34 | 11 | 561 | 17 |
| 14 | नवजोत सिंह सिद्धू | 136 | 8 | 4413 | 134* | 6329 | 69.72 | 6 | 33 | 7 | 335 | 44 |
| 15 | के. श्रीकांत | 146 | 4 | 4091 | 123 | 5702 | 71.74 | 4 | 27 | 11 | 405+ | 41+ |
| 16 | कपिल देव | 225 | 39 | 3783 | 175* | 3979 | 95.07 | 1 | 14 | 13 | 291+ | 67+ |
| 17 | दिलीप वेंगसरकर | 129 | 19 | 3508 | 105 | 5179 | 67.73 | 1 | 23 | 7 | 228+ | 24+ |
| 18 | रवि शास्त्री | 150 | 21 | 3108 | 109 | 5089 | 61.07 | 4 | 18 | 5 | 206+ | 25+ |
| 19 | सुनील गावस्कर | 108 | 14 | 3092 | 103* | 4966 | 62.26 | 1 | 27 | 8 | 234+ | 21+ |
| 20 | केएल राहुल | 85 | 17 | 3043 | 112 | 3451 | 88.17 | 7 | 18 | 3 | 235 | 67 |

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **24.10.2025**

## आत्म-जागरूकता

आत्म-जागरूकता का अर्थ है अपने विचारों, भावनाओं, विश्वासों, प्रेरणाओं और कमजोरियों को गहराई से समझना। यह व्यक्ति को अपने आंतरिक और बाहरी अनुभवों को समझने और उनका विश्लेषण करने में मदद करता है। यह केवल आत्मनिरीक्षण (अपने अंदर देखना) नहीं है, बल्कि यह भी समझना है कि दूसरे आपको और आपके व्यवहार को कैसे देखते हैं।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



जापान की संसद ने **साने ताकाइची** को देश की पहली **महिला प्रधानमंत्री** के रूप में चुना है। पीएम मोदी ने उन्हें इस **उपलब्धि** के लिए बधाई भी दी है।

# पद्य पंकज

"

सारा जीवन सपाट,समतल मैदान है,
जिसमे कहीं कहीं  गड्ढे तो है पर टीलों,
पर्वतो,घने जंगलों, गहरी घाटियों और
खंडहरों का स्थान नहीं है।

**मुंशी प्रेमचंद**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org


विश्व
पोलियो दिवस
24 अक्टूबर
Madhu priya
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
www.teachersofbihar.org

# जयंती पर नमन

## 24 अक्टूबर



# कैप्टन लक्ष्मी सहगल

जन्म: 24 अक्टूबर 1914
मृत्यु: 23 जुलाई 2012

Madhu Priya

www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
24 अक्टूबर
विश्व विकास सूचना दिवस
Madhu priya
www.teachersofbihar.org